## खबर संक्षेप

### राहुल गांधी के जन्मदिवस पर वृद्धजन सम्मान और पौधरोपण

**मैहर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई के नेतृत्व में सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने मैहर के वृद्धाश्रम पहुँचकर वहां निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय भेंट की।उनका कुशलक्षेम पूछा और स्नेह,सम्मान व श्रद्धा के साथ फल-वितरण किया। वृद्धाश्रम परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। बरगद,नीम और आम जैसे औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण कर यह संदेश दिया गया कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरा भरा भविष्य गढ़ना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्मेश घई ने कहा कि राहुल गांधी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि संवेदनशील भारत का प्रतिबिंब हैं। ब्लाक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने कहा कि सत्ता का अहंकार नहीं है। इस आयोजन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद चौरसिया सेवा दल के जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्रा सुषमा अर्जरिया राज बाबू सिंह सोमदत्त साकेत शारदा पटेल मोनू लोधी नसीब खान मुकेश सेन सुनील कोरी वीरेंद्र नामदेव जान मोहम्मद पंकज सोनी सहित कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की प्रतिनिधि युवा कांग्रेस के पदाधिकारी गण एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मैहर विधायक ने तबादला रद्द करने की मांग की

**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करके स्वास्थ्य विभाग के चार डॉक्टरों का स्थानांतरण मैहर से बाहर के जिलों में हो गया था जिससे मैहर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्थानांतरण तत्काल निरस्त किया गया है यथावत मैहर में ही डॉक्टर को पदस्थ किया जाए।

### पराग को पत्नी शोक,भाजपा ने दी शोक श्रद्धांजलि

**सतना।** भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री राकेश पराग की पत्नी श्रीमती सरला पराग के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। संदेश में उन्होंने कहा कि यह अपूर्णनीय क्षति है,और ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

### 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध


**सतना।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से संरक्षण देने हेतु राज्य के सभी प्रकार के निर्दिष्ट जल क्षेत्रों में म.प्र. नदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3 (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने आदेश जारी कर जिले में इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट मत्स्य विनिमय अथवा परिवहन करना प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार नियमों के उल्लंघन पर म.प्र. राज्य मत्स्यक्षेत्र (संशोधित) अधिनियम 1981 की धारा-5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या पांच हजार रूपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। कलेक्टर ने अपील करते हुए कहा है कि जिले में 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट न तो स्वयं करें और न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दें। छोटे तालाब तथा अन्य जल स्त्रोत जिनका कोई संबंध कोई नदी नाले से नहीं है, के लिए यह नियम लागू नहीं होगा।

### भूतपूर्व सैनिक की रैली रीवा में 22 जून को

**सतना।** भूतपूर्व सैनिक कल्याण समारोह रैली कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में 22 जून को प्रातः 8 बजे से सिंगनल रिकार्डस आफिस एमबी एरिया जबलपुर द्वारा आयाजित की जायेगी। जिसके मुख्य अतिथि जीओसी एमबी एरिया जबलपुर रहेंगे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) ने रीवा एवं रीवा जिले से जुडे अन्य जिलों के सभी भूतपूर्व सैनिको,वीर नारियों, विधवाओं एवं वीर माता-पिता तथा अधिक से अधिक संख्या में रैली में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# नई बस्ती में नकली कीटनाशक दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई







### 4 क्विंटल नकली माल जब्त, किराए के कमरे में बनाया जा रहा था
### प्रशासन ने किया सील, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज, सतना।

कोलगवां थाना क्षेत्र के नई बस्ती इलाके प्रशासन ने छापा मारकर नकली कीटनाशक दवा बनाने वाली एक फैक्ट्री पकड़ी है। यहां से चार कुंतल नकली माल जब्त किया गया है। इस सिलसिले में अभी तक किसी को पकड़ा नहीं गया है। पूरा कारोबार एक किराए के मकान में चल रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक नकली फंगीसाइड बनाने के आरोप में एक घर में दबिश दी गई थी। यहां से 4 क्विंटल नकली कीटनाशक दवा जब्त की है। जहां दवा बनाई जा रही थी,उस कमरे को सील किया गया है। इस दवा की बाजार कीमत 1136 रुपए प्रति यूनिट है। इस तरह के काम के पीछे गिरोह का काम होने की आशंका है। अब पुलिस पूरे मामले की जांच कर नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश करेगी। प्रशासन की टीम इन्क्यूबेशन सेंटर के पीछे नई बस्ती में एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया के साथ पहुंची थी। यहां पर बायर कंपनी के नेटिव ब्रांड के नाम से नकली उत्पाद बनाया जा रहा है। नकली कीटनाशक का निर्माण रामपाल प्रजापति के किराए के मकान में हो रहा था। मकान मालिक द्वारा किराएदार की पहचान नहीं बताई जा रही है। खबरों के मुताबिक टीम को फर्जी प्रोडक्ट मिला है, इसे जब्त किया गया है। प्रशासन ने किसानों से कृषि उत्पाद खरीदते समय कंपनी का क्यूआर कोड चेक करने की अपील की है। प्रशासन को आशंका है कि यह एक संगठित गिरोह का हिस्सा हो सकता है। पूरे नेटवर्क की जांच जारी है। फिलहाल कमरे को सील कर दिया गया है।

#### सर्वे के दौरान पकड़ में आई बात

बायर कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि मार्केट सर्वे के दौरान प्रोडक्ट की गड़बड़ी की बात सामने आने पर जब कीटनाशक की जांच की। वह नकली था। मार्केट में खोजबीन करने के दौरान नई बस्ती में नकली माल तैयार होने की जानकारी मिली। इसके बाद कंपनी के प्रतिनिधियों ने एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया से मिल कर दबिश की रूप रेखा तैयार की।

#### पकड़ी जा चुकी है खाद की नकली बोरी

सनद रहे कि इसी थाना क्षेत्र में नकली खाद की बोरी बनाने का मामला भी सामने आया था। जहां पर प्रशासन ने छापा मार कर भारी मात्रा में खाद नकली बोरियां पकड़ी थीं। सूत्र बताते हैं कि खाद की नकली बोरी बनाने वाला शातिर बदमाश लंबे समय से चकमा दे रहा था। उसने इस कारोबार से लाखों रुपए कमाए हैं। एक जानकारी के मुताबिक इसी थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में नकली खाद्य सामग्री बनाए जाने की खबरें लगातार मिलती रहती हैं। इस कार्यवाही में एसडीएम राहुल सिलाडिया, विकास खण्ड सोहावल के कीटनाशक निरीक्षक राजललन बागरी,सहायक संचालक कृषि आरएस बागरी उपस्थित रहे।



## शारदा प्रबंधन समिति के वेद विद्यालय की छत जर्जर

**मैहर।** शारदा प्रबंधन समिति के सदस्य सचिन मिश्रा ने समिति से संचालित वेद विद्यालय का निरीक्षण किया। जिसमें साफ सफाई विद्युत और पानी की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई एवं नवीन छात्रों के प्रवेश की जानकारी ली गई। विद्यालय भवन के कई हिस्सों की छत मरम्मत योग है। बरसात के मौसम को देखते हुए इसे तुरंत ही प्रभारी इंजीनियर एवं प्रशासक से चर्चा करने के बाद निर्देश विद्यालय प्रभारी को दिया इसे तुरंत ही ठीक करने के लिए कहा इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी एवं आचार्य गण एवं अध्यांतर छात्र उपस्थित रहे। सचिन मिश्रा ने जब से समिति की सदस्यता ली है जो भी कमी सामने आती है तुरंत संज्ञान में लेकर उस पर अमल करते हैं।

### बाबूपुर सोहावल में चार दिनों से लापता था, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप
## बंजरहा तालाब में मिला नर्सिंग कर्मचारी का शव

हरिभूमि न्यूज, सतना।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बंजरहा तालाब में गुरुवार सुबह एक युवक की लाश मिली। मृतक की पहचान बाबूपुर सोहावल निवासी सत्येंद्र चौधरी 34 वर्ष के रूप में हुई है। सुबह करीब 10 बजे वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।





#### 17 जून से था लापता

जानकारी के अनुसार सत्येंद्र ने नर्सिंग की पढ़ाई पूरी कर 20 दिन पहले ही बिरला अस्पताल में नौकरी शुरू की थी। परिजनों ने बताया कि वह 17 जून से लापता था,जिसकी रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई थी।

#### भाई ने लगाया हत्या का आरोप

मृतक के भाई सुखेंद्र चौधरी ने हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 साल से पड़ोसी दयानंद चौधरी के परिवार से विवाद चल रहा है। आरोपियों ने पहले भी उन पर जानलेवा हमला किया था। इस संबंध में थाने से लेकर आईजी ऑफिस रीवा तक शिकायत की गई,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों के आरोपों के बाद फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। तालाब के आसपास के क्षेत्र की जांच की जा रही है।

### बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला, थाने में की गई शिकायत
## सर्विस लाइन काटकर की जा रही थी बिजली की चोरी

सतना।

शहर संभाग में विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरों पर कार्रवाई के लिए अभियान चलाया गया है।टीम के सदस्यों ने बिजली चोरी की प्राप्त सूचना में बड़खर तालाब के पास मोहित मिश्रा पिता राजेश मिश्रा पर करवाई की। यहां छत के ऊपर से सर्विस लाइन को काटकर मीटर बायपास करते हुए चोरी की जा रही थी। जैसे ही राहुल मिश्रा कनिष्ठ अभियंता कोलगवां क्षेत्र मौके पर पहुंच कर निरीक्षण शुरू किया तब मोहित मिश्रा अपने भाई शिब्बू मिश्रा के साथ आकर जांच टीम के सदस्य के साथ मार पीट गाली गलौज करने लगा और लोहे की सब्बल से हमला कर दिया। राहुल मिश्रा ने तत्काल सूचना नीलाभ श्रीवास्तव कार्यपालन अभियंता शहर को दी,जिसके बाद विभाग की 4 गाड़ियां और 20 अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे,तत्काल इसकी सूचना पुलिस थाना कोलगवां को दी गई। इस परिसर में 7 किलो वाट



लोड मिला,जबकि सेन्शन लोड 2 कि.वा. था। जो कि पूरा मीटर बायपास कर चलाया जा रहा था। सहायक अभियंता कोलगवां विद्यासागर सिंह द्वारा बताया गया कि ऐसे ही चोरी के कारण बड़खर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर के फ्यूज जाने और केबल जलने की शिकायत प्राप्त होती है। जिसके कारण आम नागरिक परेशान होता है। शहर में अलग अलग स्थानों में 12 प्रकरण बनाए गए। ये अभियान लगातार जारी रहेगा।कार्यपालन अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में विगत एक माह में यह देखने में आया है,की लोड में अत्यधिक वृद्धि हुई है। जिसके कारण केबल जलने की शिकायतें मिली है। इस तरह से चोरों के कारण वो व्यक्ति भी परेशान होता है,जिसकी कोई गलती नहीं वो भी परेशान होता है।अब पूर्व क्षेत्र कंपनी ने V मित्र एप से आम नागरिक इस प्रकार जानकारी दे सकते हैं, नाम गोपनीय रखा जाएगा और रिकवरी राशि का कुछ प्रतिशत प्रोत्साहन के तौर पर जानकारी देने वाले नागरिक को दिया जाएगा। समस्त जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी।

## 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को

**सतना।** राज्य शासन द्वारा 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को आयोजित करने के संबंध मे समस्त जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किये गये है। जारी आदेश में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिले की समस्त संस्थाओं को प्रेरित किया जायेगा। सभी कार्यक्रम आयोजकों को अपना पंजीयन कराना होगा। इसका पंजीयन लिंक पर होगा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिले के पंचायत मुख्यालयों तथा पंचायत के अन्य ग्रामों एवं सभी नगरीय निकायों मुख्यालय एवं समस्त वार्डो में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कराया जायेगा। योग दिवस के कार्यक्रम के लिए भारत सरकार द्वारा योग निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के लिए जिले में पंतजलि योग संस्थान, श्रीरामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान,जन अभियान परिषद,म.प्र. योग आयोग एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं से संबद्ध योग इन्स्ट्रक्टर/योगा वालेंटियर उपलब्ध है। जिनकी सूची पृथक से आयुष विभाग द्वारा प्रदाय की जायेगी। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री डॉ.यादव का 21 जून के योग दिवस कार्यक्रम में उद्बोधन का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त ग्रामों एवं वार्डो में कराया जायेगा। कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसका प्रसारण लिंक म.प्र.जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदाय किया जायेगा। सभी जिलों में उपलब्ध योग प्रशिक्षक एवं वालेंटियर्स को ट्रेंनिग कराने के लिए आयुष विभाग द्वारा ट्रेनिंग मॉडयूल तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से दिनांक 19 एवं 20 जून को ऑनलाइन ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी,जिसकी लिंक आयुष विभाग द्वारा प्रेषित की जायेगी। योग दिवस कार्यक्रम के लिए जिले में योग आयोजन कराने वाली संस्थाओं का अधिकाधिक पंजीयन किया जा रहा है। इस हेतु जिले में एक नोडल अधिकारी को नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी योग दिवस कार्यक्रम उपरांत जानकारी एवं फोटो भारत सरकार के पोर्टल पर भेजने के लिए उत्तरदायी होगा। जिले के समस्त शासकीय सेवको को योग दिवस के नजदीकी कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाकर अधिक से अधिक भागीदारी करने के निर्देश दिये गये हैं।

### महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 23 जून तक

**सतना ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एलके तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 की परीक्षा में चयनित एवं उच्च न्यायालय में याचिका दायर से संबंधित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी 23 जून तक प्रातः 11 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं।

### विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज सोहावल में

**सतना।** शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 26 जून 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 20 जून को जनपद पंचायत सोहावल,23 जून को शासकीय आईटीआई अमरपाटन,24 जून को जनपद पंचायत मैहर,25 जून को जनपद पंचायत रामनगर एवं 26 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु आयु 19 से 40 वर्ष तथा योग्यता 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए राहुल साहू मोबाइल नम्बर 9131557489 पर सम्पर्क कर सकते है।

### बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति से पनपते हैं डेंगू एवं मलेरिया के मच्छर
## बरसात : खेती किसानी के लिए अमृत तो लोगों को बीमारियों की भी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरसात का मौसम जहां खेती-किसानी के लिए अमृत समान होता है वहीं दूसरी ओर यह मौसम लोगों के लिए बीमारियों की सौगात लेकर भी पहुंचता है। बारिश के कारण जगह जगह जल जमाव हो जाता है। आबादी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति एवं जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण मच्छर पनपने लगते हैं। यदि साफ पानी का जमाव है तो भी और गंदे पानी का जमाव तो पहले से नुकसानदेह है। पानी में ही डेंगू और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारी फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं। बरसात के साथ कई गंभीर बीमारियां भी दस्तक देती है। इन बीमारियों की रोकथाम के तमाम प्रयास के



बावजूद लोग बीमार पड़ते हैं। बरसात के मौसम में खासतौर पर डेंगू व चिकनगुनिया जैसी बीमारिया खतरनाक साबित होती है।

#### ऐसे फैलता है डेंगू

-डेंगू के सबसे ज्यादा मामले बरसात के मौसम में देखने में आते हैं।
-डेंगू फैलानेवाले मच्छर दिन में काटते हैं। ये ज्यादातर घुटनों के नीचे काटते हैं।
-डेंगू मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपते हैं।
-कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को डेंगू आसानी से हो जाता है।

ये रखें सावधानियां
-घर के आस-पड़ोस में पानी जमा न होने दें।
-पानी के बर्तन को खुला न रखें।
-किचेन और वाशरूम को सूखा रखें।
-कूलर का पानी सुबह-शाम बदलते रहें।
-खिड़कियों और दरवाजों में जाली लगवाएं।
-शरीर को पूरी तरह से ढंकनेवाले कपड़े पहनें।
-सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें।
-घर के आसपास मच्छर मारने वाली दवा का छिड़काव करवाएं।

#### डेंगू के लक्षण

- डेंगू के लक्षण लगभग 3 से 14 दिन बाद दिखते हैं।
- तेज ठंड लगकर बुखार आता है।
- सिर और आंखों में दर्द होता है।
- शरीर और जोड़ों में दर्द में होता है।
- भूख कम लगना, जी मचलाना, उल्टी और दस्त होना।
- चमड़ी के नीचे लाल धब्बे आने शुरु हो जाते हैं।
- मरीज को सिर दर्द रहता है।
- मांसपेशियों में तेज दर्द होने लगता है
- ब्लड प्रेशर, रक्त चाप घटता-बढ़ता है। इससे शिथिलता और कमजोरी महसूस होने लगती है।

#### मलेरिया के लक्षण

चिकित्सकों के बताए अनुसार मलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जो परजीवी रोगाणु की वजह से होती है। ये रोगाणु इतने छोटे होते हैं कि हम इन्हें देख नहीं सकते। मलेरिया से ग्रसित मरीज को बुखार, कंपकंपी, पसीना आना, सिरदर्द, शरीर में दर्द, जी मचलना। समय पर सही इलाज न कराने पर इसके मरीज की जान पर खतरा भी बन जाता है।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम अब कन्या हाई स्कूल में होगा आयोजित- बीईओ



**शाहनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित होने वाला विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम जो विगत 2015 से अब तक एक्सीलेंस स्कूल शाहनगर ( सांदीपनि विद्यालय शाहनगर में आयोजित होता आ रहा है पूर्व तय कार्यक्रम अनुसार भी यह महत्वपूर्ण आयोजन यहीं पर निर्धारित था इसी दौरान बीईओ (खंड शिक्षा अधिकारी) ने निरीक्षण के दौरान स्थान का अभाव व साफ सफाई की कमी के चलते स्थान परिवर्तन हेतु आदेश जारी कर विकासखण्ड योग समिति को पूर्व तैयारी हेतु निर्देशित किया। पूर्व निर्धारित स्थल में परिवर्तन करते हुए अब यह कार्यक्रम शासकीय कन्या हाई स्कूल शाहनगर में आयोजित किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी सूचना में सभी शासकीय एवं अशासकीय शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस में योग के प्रति जागरूकता फैलाना एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

### वरिष्ठ नागरिक कंछेदी लाल चौरसिया (पंडा) का देवलोकगमन



**सलेहा।** 19 जून 2025, प्रातः 9:40 बजे, श्री कंछेदी लाल चौरसिया (पंडा जी), निवासी पटना तमोली, का 83 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया। वे एक धार्मिक प्रवृत्ति के सज्जन, समाजसेवी और संस्कारवान व्यक्तित्व के धनी थे। स्वर्गीय कंछेदी लाल जी, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा,मंडल अध्यक्ष सलेहा एवं प्रकृति प्रेमी के.के. पंडा के पिताश्री थे। उनके निधन से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिरशांति प्रदान करें तथा शोकसंतप्त परिवार को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति दे।

### विनीत नागायच प्रभारी सी एम ओ नगर परिषद पवई नियुक्त



**पवई।** नगरीय निकाय एवं आवास विभाग, भोपाल मध्यप्रदेश शासन द्वारा किए गए स्थानांतरण मे सी एम ओ नगर परिषद पवई तबस्सुम खान का तबादला किया गया। साथ ही अगले आदेश मै पवई मै पदस्थ सहयक ग्रेड 1 विनीत कुमार नागायच को प्रभारी सी एम ओ नगर परिषद, पवई नियुक्त किया गया। वैसे तो जिले की चर्चित नगर परिषदों मे पवई की परिषद एक है यहां सी एम ओ और अध्यक्ष का तालमेल सही ढंग से न बैठ पाने की वजह से सी एम ओ ज्यादा दिनों तक टिक नही पाते जिसका सीधा प्रभाव नगर के विकास कार्य तथा आम जन से जुड़ी समस्याओ का समाधान समय पर नही हो पाता। खान मैडम की बात की जाए तो वह अपने आगे किसी की नहीं सुनी लोग समस्या लेकर जाते जिसे हल नही कर पाई। तबस्सुम खान के जाने के बाद नगर परिषद के काम प्रभावित न हो लोगो की समस्याओ को लेकर परेशान न होना पडे तब कार्य कौशल को देखते हुए श्रीः नगायच को प्रभारी सी एम ओ के पद पर नियुक्त किया गया।

### 30 जून तक पूर्ण कराएं शेष खाद्यान्न हितग्राहियों की ई-केवायसी

**पन्ना।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत पन्ना जिले के लगभग 97 हजार हितग्राहियों की ई-केवायसी होना अब भी शेष है। आगामी माह से ई-केवायसी पूर्ण कराने वाले हितग्राहियों को ही राशन का वितरण किया जाना प्रस्तावित है। इस क्रम में पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार राशन प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने के दृष्टिगत शासन द्वारा ई-केवायसी अभियान की तिथि बढ़ाकर 30 जून निर्धारित कर दी गई है। संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी कुशल सिंह गौतम द्वारा इस संबंध में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहायक आयुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं सहकारिता विस्तार अधिकारियों को निर्धारित अंतिम तिथि तक ग्राम पंचायत व वार्डवार शिविर के माध्यम से शेष खाद्यान्न हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को भी निर्देशित कर समय सीमा में कार्य संपादित कराने के लिए कहा गया है।

---

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जमीनी पड़ताल करके विकास कार्यों में लापरवाही पर सख्त लहजे में

# गुणवत्तापूर्वक कार्य नहीं होंगे तो गिर सकती है गाज

**जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी की कार्यप्रणाली जमीनी स्तर पर विकास कार्यों की गुणवत्ता की ओर जानी जा रही है। तभी तो कई उपयंत्रियों को जहां नोटिस जारी किये गये। इससे समूचे जिले में विकास कार्यों को अंजाम देने वाले उपयंत्रियों व पंचायत की कार्य एजेसिंयों में हड़कम्प देखा जा रहा है। गुणवत्तापूर्वक कार्य नहीं तो फिर कार्यवाही की दिशा हो सकती है तय।**

**पन्ना।** जैसा पद वैसी कार्यप्रणाली मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जो विकास कार्यों में गुणवत्तापूर्वक कार्य कराये जाने को लेकर अपनी सोच सामने ला रहे हैं जिसके चलते समूचे जिले में विकास कार्यों को अंजाम देने वाले जिम्मेदार प्रमुख रूप से उपयंत्रियों को जहां नोटिस मिलने से यह माना जा रहा है कि सीईओ जिला पंचायत जोकि जमीनी स्तर पर विकास कार्यों को लेकर सख्त लहजे में गुणवत्ता पर गौर कर रहे है। जिस पर कहीं न कहीं शासन के द्वारा विकास कार्यों को दी जाने वाली दिशा जमीनी स्तर पर जानी जाये सायद यह सोच सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी की चर्चा में है। तभी तो लक्ष्य को ध्यान में रखकर निर्माण कार्यों को जमीनी स्तर पर परखा जा रहा है साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में स्वयं कई जगह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लेआउट के समय भी मौजूद रहे। इससे साफ हो चुका था कि कहीं न कहीं जमीनी स्तर पर



विकास कार्यों को अंजाम देने में क्या सामने आयेगा जो सीईओ जिला पंचायत गौर करेगें। वही हालात माने जा रहे है। जिसके चलते जल गंगा संवर्धन अभियान में जिन उपयंत्रियों ने विकास कार्यों में लापरवाही बरती है उनकी सायद खैर नहीं। तभी तो कई को नोटिस जारी किये गये है। जिससे समूचे जिले में यह चर्चा का विषय जरूर बन गया कि सीईओ जिला पंचायत गुणवत्तापूर्ण कार्य को लेकर जानने की दिशा भी तय करते है। जिससे जमीनी हकीकत तो समाने आयेगी ही क्योंकि गौर किया जाये तो जिले में लम्बे अर्से से जहां स्टीमेंट का खेल माना जाता है वही स्टीमेंट कई जगह लागू हो जाते है जबकि जमीनी स्तर पर भौगोलिक स्थिति अलग होती है। जिसके चलते स्टीमेंट परिवर्तन भी होना चाहिए। साथ ही जमीन के अंदर हालात किस तरह से सामने आते है इसमें भी परिवर्तन माना जाता है। अब यहां उपयंत्रियों की जिम्मेदारी होती है कि साईड के अनुसार स्टीमेंट बनाया जाये तथा उसका पालन निर्माण कार्य में कराया जाये जो सायद होने की स्थिति को लेकर कई जगह हालात अलग ही तय हो जाते है वहीं जिला सीईओ की कार्यप्रणाली विकास कार्यों में जमीनी पड़ताल को लेकर जो मानी जा रही है उससे सायद सुधार की उम्मीदें भी कह सकते है। पर यह तो वक्त के बाद ही सामने आयेगा। क्योंकि उपयंत्रियों की कार्यप्रणाली जो लम्बे अर्से से जिले में एक स्वयं की सोच बनाकर अंजाम देते है आखिर तभी तो लापरवाही जैसे हालात तय हो जाते है। अब देखना यह है कि विकास कार्यों में जिन्होंने बरती लापरवाही जिनको सोकाज नोटिस हुए जारी उन पर क्या होती है कार्यवाही ताकि समूचे जिले में यह कार्यवाही ही मिशाल बनेगी। सुधार की दिशा को लेकर सबकी नजर होता है क्या।

---

## कार्यपालिक निर्देशक द्वारा किया गया नर्सरी का शुभारंभ



**पन्ना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पन्ना एवं नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फुलवारी के तत्वाधान में किसानों को नर्सरी के क्षेत्र में प्रस्फुटन समिति के माध्यम से ग्राम गुखोर में अध्यक्ष प्रस्फुटन समिति दिनेश कुमार कुशवाहा का चयन कर नर्सरी का चयन किया गया लगभग 2500 पौधों के बीज द्वारा नर्सरी तैयार की गई है जिसमें नर्सरी तैयार करने के लिए अमरूद, सीताफल, अश्वगंधा के बीज उपलब्ध नवांकुर संस्था फुलवारी द्वारा कराकर नर्सरी तैयार कराई गई। नर्सरी का उत्साह बढ़ाने के लिए फीता काट कर मध्य प्रदेश जन अभियान के कार्यपालिक निर्देशक भोपाल द्वारा उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात कार्यकम में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वय दिनेश उमरैया एवं जिला समन्वय अनीता जाटव द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे में जानकारी दी कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच मोजी लाल चौधरी, दादूराम कुशवाहा,एम एल विश्वकर्मा शिवेंद्र नामदेव राजेश वर्मा लोकेंद्र बागरी शैलेष अग्रवाल रवि विश्वकर्मा अजय वर्मा प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव सदस्य एम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

### कलेक्टर ने विभाग एवं बैंकवार समीक्षा कर दिए निर्देश

# शिविर के जरिए वसूली कार्य में तेजी लाएं

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि सभी बैंकर्स अभियान मोड में शिविर के जरिए लंबित वसूली कार्य में तेजी लाएं। साथ ही शिविर के लिए निर्धारित तिथियों में आवश्यक समन्वय के साथ राजस्व अधिकारियों का सहयोग भी प्राप्त करें। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विशेषकर बड़े बकायादारों एवं डिफॉल्टर्स का चिन्हांकन कर वसूली अभियान को सफल बनाएं। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्त बैंकर्स व संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक मे जिला कलेक्टर द्वारा उक्ताशय के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक समा बानो, नाबार्ड एवं भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कुमार ने इस अवसर पर आगामी 27 जून को प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस पर एमपी राइज 2025 कार्यक्रम के दृष्टिगत इस सप्ताह विभाग एवं बैंक स्तर पर



अधिकाधिक संख्या में स्वरोजगारमूलक प्रकरणों के स्वीकृति एवं वितरण के निर्देश दिए गए। साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमास की समाप्ति पर 30 जून तक लक्ष्य मुताबिक प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा। इस दौरान गत वित्तीय वर्ष के अंतिम त्रैमास की बैठक के निर्णयों के अनुमोदन सहित उपलब्धि व कार्यवार समीक्षा भी की गई। गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा कर जरूरी निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि बैंकर्स समानांतर रूप से ऋण वितरण के साथ रिकवरी की अपेक्षा भी की। समस्त विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों के स्वीकृति व वितरण कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या पर तत्काल अवगत कराने तथा विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक को प्रभावी बनाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बैंक लिंकेज, नगरीय निकायों के माध्यम से पीएम स्वनिधि के 20 हजार ऋण राशि के प्रकरणों में तेजी से निराकरण, अंत्यावसायी समिति द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं सहित पशुपालन एवं डेयरी विभाग व उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाओं में भी वर्तमान जून माह की समाप्ति तक अनिवार्य रूप से एक तिहाई प्रकरणों के वितरण की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण परिवारों के सदस्यों का उचित रूप से चिन्हांकन कर वास्तविक आवश्यकता वाले एवं जरूरतमंद व्यक्ति को रोजगारमूलक प्रशिक्षण दें और प्रशिक्षण उपरांत रोजगार के लिए बैंक ऋण प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन व सहयोग भी प्रदान करें। बैंक स्तर पर लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के संबंध में शिकायतकर्ता से संवाद कर संवेदनशीलता के साथ मामलों के निराकरण के लिए कहा। इसके अलावा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के शिविरों में भी वित्तीय साक्षरता व बैंक स्तर पर संचालित योजनाओं सहित वनाधिकार पट्टेधारी कृषकों को भी प्राथमिकता के साथ केसीसी का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।

---

# पन्ना को हराकर छतरपुर बनी विजेता






### छतरपुर और पन्ना के खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

**पन्ना।** नगर के पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पन्ना क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में अंडर 17 वर्षीय बालक टूर्नामेंट का आयोजन किया गया लेदर बाल से खेले गए इस टूर्नामेंट का फाइनल पन्ना और छतरपुर की टीम के बीच हुआ जिसमें छतरपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की सूर्य शर्मा ने 36 कार्तिक पांडे की 65 रन की योगदान से छतरपुर ने 203 रन का लक्ष्य रखा पन्ना की ओर से उमंग यादव ने और प्रिंस पाठक ने दो-दो विकेट लिए 203 रन का पीछा करते हुए पन्ना की टीम बहुत ज्यादा रन नहीं बना सकी पन्ना की ओर से शुभ त्रिपाठी ने सर्वाधिक 45 रन बनाए और चिराग ब गोरा ने 25 रन का योगदान दिया, मैन ऑफ द सीरीज राजनगर की गजराज को घोषित किया गया बेस्ट बॉलर छतरपुर की कार्तिक पांडे रहे बेस्ट कीपर का पुरस्कार शुभ पन्ना की शुभ त्रिपाठी को दिया गया बेस्ट फील्डर का पुरस्कार जयराज सिंह परमार को दिया गया, फाइनल में मुकाबला के बाद पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया जिसमें समाजसेवी नसीम मोहम्मद, पत्रकार शिवकुमार त्रिपाठी और रश्मि त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया ट्रॉफी प्रधान की, व्यक्तिगत रूप से अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को विशेष रूप से गिफ्ट प्रदान किए गए इससे पहले पन्ना तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने टॉस करा कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया, इस टूर्नामेंट में पन्ना जिले की अमानगंज, पन्ना की ए एवं बी टीम,छतरपुर, खजुराहो, राजनगर शाहित 6 टीम में हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट का स्पॉन्सर जीके सीमेंट थी आयोजन पन्ना क्रिकेट अकादमी टीम के सोहेल खान, सूर्यकांत श्रीवास्तव, अंकित अवस्थी ने किया है, अंपायरिंग हर्ष गर्ग और राज परमार ने की इस दौरान प्रमुख रूप से अनुज बाल्मीक, केशवेंद्र सिंह परमार, जितेंद्र मिश्रा, मिक्की सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

---

# पुतरियादाई देवी जी के स्थान का जमीनी सीमांकन हुआ संभव



**पन्ना।** नेक कार्यों में कहीं न कहीं जिम्मेदार अधिकारियों की सोच से संभव होता है जहां प्राचीन समय से मां का स्थान है सिद्धस्थल के रूप में पुतरियादाई के नाम से अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम सुनहरा में जाना जाता है। जहां की जमीन में प्राचीन समय से विकास को लेकर जरूरत मानी जीती है वैसे तो यहां इस सिद्धस्थल में कई मंदिर मां की कृपा से बन चुके साथ ही आस्था के चलते जहां अब स्थान की जमीन सुरक्षित हो वहीं विकास सतत आगे बढ़ता रहे इसमें एसडीएम अजयगढ़ तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार जिन्होंने मां के दरबार में मत्था टेका। जिनके प्रयासों से मां के दरबार में लम्बे अर्से से जो जमीन किसान ने सहमति के रूप में वहां के विकास कार्य को लेकर स्वीकृति सीमांकन के बाद प्रदान की जिसमें मां की कृपा ही मानी जा रही है। जहां बाउण्डरी बाल व धर्मशाला जो जर्जर हालात हो रही थी उस पर नवीन छत डलने के आसार तय हुए। यहां नेक कार्यों में जिम्मेदार अधिकारियों की सोच से ही संभव होता है। वैसे तो जगत जननी मां की कृपा से ही यह सब माना जा रहा है। पर यह स्थान तो प्राचीन समय से है पर यहां के विकास को लेकर मार्ग जो प्रशस्त हुआ सदैव यह दिन जाना जायेगा। जिनकी सोच से सीमांकन के बाद विकास का मार्ग हुआ प्रशस्त। पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील में सुनहरा ग्राम को मुख्य सड़क अजयगढ़ से सिलोना लायचा होते हुए इस स्थान से गुजरती है जो बीरा-चंदला मार्ग को जोड़ती है पुतरियादाई के नाम से मां का स्थान जो अपने आप में अपनी सिद्धता व गरिमा से जाना जाता है। यहां तक यह कहें कि आसपास के गावों में आस्था का केन्द्र जहां 9 पीपल के वृक्ष स्वयं ही बयां कर रहे है। विशाल काय वृक्षों के रूप में साथ ही यहां हनुमान जी का मंदिर व रामजानकी झांकी का मंदिर जो स्वयं ही इस स्थान में जाने जाते है। यहां मां की कृपा के चलते जिन श्रृद्धालुओं की मुरादे पूरी होती है इस स्थान में भागवत पुराण कथा आदि स्वयं उसकी साक्षी होती है। धार्मिक आयोजनों को लेकर इस स्थान में यहां की आवो हवा जो स्वयं ही कई बार महत्ता को लेकर जानी गई। मां की कृपा से ही यहां इस स्थान में विकास की दिशा बढने को लेकर आसार तय हुए तभी तो जिम्मेदार अधिकारियों ने स्वयं पहुंचकर मां के स्थान में मत्था टेका वहीं मां की कृपा से संबंधित विकास की दिशा तय होने को लेकर सीमांकन के बाद बने आसार। जमीनी रूप से राजस्व



विभाग के आरआई पटवारी की भूमिका भी कहीं न कहीं इस नेक कार्य में सदैव के लिए जानी जायेगी। जिन्होंने स्थान की जमीन को सीमांकन के बाद सामने बताया। जिससे किसान जो मां की स्थान की महिमा को लम्बे अर्से से जानता है। जिसने लिखित में विकास को लेकर अपनी सहमति प्रदान की जिससे मां के स्थान की जमीन धार्मिक आस्था को दिशा आगे प्रवाहित करेगी क्योंकि ऐसे स्थानो में जहां धार्मिक आयोजन अनुष्ठान भागवत जैसी पुराण जो होती है सभी के लिए इस स्थान में सुविधा को लेकर जाना जायेगा धर्मशाला के निर्माण के साथ-साथ बाउण्डरी बॉल व यहां के गेट के निर्माण की जो आगे की जरूरत मानी जा रही है। जिससे सभी के लिए मां के दरबार में धार्मिक आयोजनों में जहां संभव करने के लिए सुविधायें मिल सकेगी। यहां यह माना जा रहा है कि मां की कृपा से ही सब संभव हुए आसार।

---

# अमानगंज पुलिस ने गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा चलाये जा रहे अवैध जुआ खेलने वाले , अवैध शराब विक्रय करने वाले अवैध मादक पदार्थ गांजा का विक्रय करने वाले के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु चला जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसडीओपी गुनौर के के निर्देशन / मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में विश्वनीय मुखबिर की सूचना पर कृष्णा वेयर हाउस के पास अमानगंज में पुलिस बल द्वारा संदेही नाम अबीर सिंह भदौरिया पिता सेवक सिंह उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम मडइयन पायक को घेरा बंदी कर पकडकर हिरासत में विधिवत कार्यवाही करते हुये तलाशी ली गई जो संदेही के पास से अवैध 510 ग्राम सूखा गांजा लिये मिला जिसे मौके पर आरोपी से जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया एवं आरोपी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। वक्त वापसी पर अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । गिरफ्तार शुदा आरोपी उपरोक्त को माननीय न्यायालय पन्ना पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरी. माधवी अग्निहोत्री, उनि ईश्वर सिंह, सउनि शिवराम नायक, प्रआर. सलीम, राजीव मिश्रा, लक्ष्म, राजीव बेडिया , शिवम शर्मा, आर. मुकेश सुल्या, सतीश, विश्वास, लखन, तुलसी, द्वारका, अरविन्द, मेहरवान, रागिनी की सराहनीय भूमिका रही।

---

# जेके सीमेंट कंपनी के ट्रक ने बाइक चालक को मारी टक्कर

### घायल बाइक चालक कटनी रेफर, छतरपुर बाईपास पर घटी घटना

**पन्ना।** जिले के अमानगंज नगर, और क्षेत्र में इन दिनों जेके सीमेंट कंपनी के वाहन लगातार नई - नई सड़क दुर्घटना को अंजाम दे रहे हैं, जिनके वाहनों से अब हर आदमी के दिल में मौत का भय जाग उठा है कई सड़के तो ऐसी है जिन पर जाने में बाइक चालक पूरी तरह डरते हैं। आज अमानगंज से छतरपुर बाईपास सड़क पर एक तेज रफ्तार ट्रक पूरी रफ्तार से जा रहा था और उसने एक



बाईक चालक को ठोकर मार दिया बेचारा गरीब सड़क दुर्घटना का शिकार होकर घायल हो गया।, जो अपने गांव जा रहा था कटनी के लिए रेफर हो गया। घटना के विषय में ज्ञात हुआ की कमलेश पिता कंछेदी सेन उम्र 42 वर्ष निवासी धरमपुरा अमानगंज से अपनी खरीदारी करके अपने गांव की ओर बड़े आराम से जा रहा था और जैसे ही छतरपुर बाईपास को उसने पार करने का प्रयास किया, तो सामने से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मारी, जिससे उसका दाया पेर, घटना में पूरी तरह से टूट गया। बाइक चालक के चेहरे पर शरीर के कई अंगों में गंभीर चोटे बताइ गई। घटनास्थल से बाइक चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज दाखिल कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को गंभीर देखते हुए सीधा कटनी के लिए रेफर कर दिया गया। उसके भाई का कहना था यह अपने माता पिता की सेवा मे राशन की सामग्री आटा, दाल, चीनी कई सामान देने घर जा रहा था परंतु ट्रक चालक ने इसे कहीं का कहीं पहुंचा दिया। इस घटना के बाद गरीब परिवार का रो- रो के बुरा हाल है। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को लगी पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को अपने कब्जे में लिया और घटना की जांच शुरू कर दी। बाइक चालक को टक्कर मारने वाले ट्रक का वाहन क्रमांक HR73B0920 बताया गया है।

**खबर संक्षेप**

## अज्ञात वाहन ने बाईक को मारी टक्कर, युवक की मौत



**छतरपुर।** नौगांव थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। सुबह हुए इस हादसे में एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले नौगांव अस्पताल और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नौगांव थाना क्षेत्र के शिकारपुरा का रहने वाला नरेश अहिरवार उम्र 30 वर्ष किसी काम से सुबह 10 बजे मोटरसाइकिल से गरौली जा रहा था, तभी रास्ते में जिओ पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल उनकी मदद की और उन्हें नौगांव अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज शुरू होने से पहले ही डॉक्टरों ने नरेश को मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## कायस्थ समाज का विरोध प्रदर्शन, कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के खिलाफ नारेबाजी



**छतरपुर।** प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की कथित विवादित टिप्पणी को लेकर कायस्थ समाज का आक्रोश फूट पड़ा। समाज के सैकड़ों लोगों ने शुक्रवार को सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और मिश्रा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप है कि कथावाचक ने कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। प्रदर्शन के बाद कायस्थ समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि पं. प्रदीप मिश्रा स्वयं चित्रगुप्त मंदिर आकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। समाज का कहना है कि कथावाचक भले ही पहले माफी मांग चुके हों, लेकिन तब भी समाज का आक्रोश शांत नहीं हुआ है, क्योंकि उनकी माफी औपचारिक और अपमानजनक टिप्पणी के अनुपात में अपर्याप्त थी। इस अवसर पर कायस्थ समाज के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद खरे, अरुण देव खरे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## पेड़ों की छटाई के नपा ने नहीं दिए रूपए

**छतरपुर।** नगर पालिका परिषद छतरपुर द्वारा 6 मार्च 2024 को सड़क किनारे लगे पेड़ पौधों की छटाई के लिए कुटेशन निकाला गया था जिसमें मुकेश अहिरवार को इस कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके बाद 5 सितम्बर 2024 के कार्य के लिए भी मुकेश अहिरवार को ही ठेका दिया गया लेकिन अभी तक उसकी मजदूरी का भुगतान नपा द्वारा नहीं किया गया है। पिछले 6 महीनों से मुकेश अहिरवार नगर पालिका के चक्कर काट रहा है लेकिन हर बार उसे आश्वासन ही मिलता है। मुकेश ने नगर पालिका के एक पूर्व कर्मचारी पर सुविधा शुल्क मांगे जाने का आरोप भी लगाया है। उसका कहना है कि पैसे न दिए जाने की वजह से पहली बार में उसका 70 हजार रूपए का भुगतान और दूसरी बार में 46 हजार रूपए का भुगतान रोक दिया गया है। उसका कहना है कि वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता है ऐसे में 6 महीनों से राशि न मिलने पर उसे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में कई बार सीएमओ को आवेदन दिए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने पर उसने मीडिया के सामने अपनी बात रखी और एक बार पुनः सीएमओ से बकाया राशि दिलाए जाने की मांग की है।

# अधूरा नाला बना हादसों का कारण, पन्ना रोड पर आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज,छतरपुर।

**शहर के पन्ना रोड स्थित बजरंग नगर में हनुमान मंदिर के सामने नाले की खुदाई का कार्य एक सप्ताह से अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खुदाई के कारण जगह-जगह मलबा फैला हुआ है और सड़क का एक हिस्सा संकरा हो गया है, जिससे आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं।**

स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा एक दिन खुदाई की गई थी, लेकिन उसके बाद से कार्य बंद पड़ा है। नाले की स्थिति जस की तस बनी हुई है और किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण लोगों को जान-माल के खतरे का डर बना हुआ है। स्थानीय व्यापारी मुकेश जैन ने बताया, करीब एक सप्ताह से नाला खुदा पड़ा है लेकिन काम दोबारा शुरू नहीं हुआ। इससे व्यापार भी चौपट हो रहा है। पहले आश्वासन मिला था कि दो दिन में काम पूरा होगा, लेकिन अब तक नाले की खुदाई भी पूरी नहीं की गई है। नाले के अधूरे कार्य की वजह से न सिर्फ क्षेत्रीय व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम राहगीरों को भी आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका से मांग की है कि जल्द से जल्द कार्य को दोबारा शुरू कर नाले का निर्माण कार्य पूरा किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।



### एनटीपीसी कार्यालय के बाहर किसानों का धरना

# मुआवजे और वादाखिलाफी को लेकर जताया आक्रोश



हरिभूमि न्यूज,छतरपुर।

पन्ना रोड स्थित एनटीपीसी कार्यालय के बाहर सांदनी गांव के किसानों ने गुरुवार को जमकर प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि एनटीपीसी द्वारा उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली गई, लेकिन अब तक न तो उचित मुआवजा दिया गया और न ही किए गए वादों को पूरा किया गया है। नाराज किसानों ने कार्यालय के बाहर धरना दिया और जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण से पहले एनटीपीसी प्रबंधन ने कई वादे किए थे। हर परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी देने, प्रति एकड़ 5 लाख रुपये बोनस देने और पुनर्वास की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन, आज तक कोई वादा पूरा नहीं हुआ।

### रिश्वतखोरी और अधिकारियों पर पक्षपात का भी आरोप -

किसानों ने सुपरवाइजर बेटा लाल पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वह खुलेआम ग्रामीणों को धमकाता है और कहता है कि जब तक रुपये नहीं दोगे, मुआवजा नहीं मिलेगा। पुण्यप्रताप सिंह बांदनी ने कहा, अधिकारियों ने वादा किया था कि एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी, लेकिन नौकरी तो अपनों को दी गई और हमसे मुंह मोड़ लिया गया।

### वीडियो बनाते रहे सुरक्षाकर्मी, नहीं सुनी गई समस्या -

किसानों ने आरोप लगाया कि कार्यालय में तैनात सुरक्षा कर्मी लगातार वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने उनकी बात सुनने की कोशिश तक नहीं की। इसके बाद किसानों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और तत्काल समाधान की मांग की।

### 14 सूत्रीय मांगों को लेकर अड़े ग्रामीण

धरने पर बैठे खरगी अहिरवार ने कहा कि, हमारी 14 मांगें हैं, लेकिन एनटीपीसी प्रबंधन ने एक भी नहीं मानी। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हमारा धरना जारी रहेगा।

ग्रामीणों ने मांग की कि एनटीपीसी के जीएम विजयवर्गीय सामने आएं और स्वयं किसानों की समस्याएं सुनें। साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे सुपरवाइजर को तत्काल हटाने की मांग की।

### इनका कहना-

मेरे ऊपर जो आरोप लगा रहे हैं किसी के पास कोई सबूत हो तो बताएं। चैक बांटने का अधिकार डीजीएम के पास है। मैं सिक्योरिटी इंचार्ज हूं। अब मैंने जेसीबी चलाई है जिनका-जिनका पैसा बाकी उनकी कार्रवाही चल रही है हो सकता है 15-20 दिन में उनका रजिस्ट्री खर्चा आ जाएगा। अधिकारी अभी मीटिंग में गए हैं कब आएंगे इसकी जानकारी मुझे नहीं है।

**बेटलाल तिवारी**
**सुपरवाईजर,**
**एनटीपीसी, छतरपुर**

# सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाकर वन विभाग को सौंपा



**छतरपुर।** जिले के बिजावर तहसील में प्रशासन, वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यह कार्रवाई रामगढ़ गांव के पास चौंरइया मुख्य सड़क से सटी 47.278 हेक्टेयर राजस्व भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए की गई थी। जानकारी के अनुसार, इस भूमि पर लगभग 10 लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर खेती की जा रही थी। एसडीएम विजय द्विवेदी एवं एसडीओपी के नेतृत्व में राजस्व विभाग, वन विभाग एवं तीन थानों की पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीनों की मदद से यह कार्रवाई की गई। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अतिक्रमण हटाया गया और अवैध कब्जों को ध्वस्त किया गया। बिजावर एसडीएम विजय द्विवेदी ने बताया कि न्यायालय कलेक्टर छतरपुर के आदेशानुसार वर्ष 2017-18 में यह भूमि वन विभाग को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रदान की गई थी। लंबे समय से इस पर अतिक्रमण था, जिसे आज हटाकर विधिवत वन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है। वन विभाग ने अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि को तार फेंसिंग कर अपने कब्जे में ले लिया है।

## एसपी ने फरार आरोपियों पर इनाम घोषित किया, कई इनामी आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर।

छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जिले में फरार चल रहे वांछित अपराधियों एवं स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए निरंतर इनाम की उद्घोषणा की जा रही है। इसी क्रम में हाल ही में कई फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया है।

### इन आरोपियों पर घोषित हुआ इनाम

थाना बिजावर के दुष्कर्म प्रकरण में आरोपी तेज प्रताप सिंह लोधी (पिता बाला प्रसाद, निवासी ग्राम धर्मपुरा) की गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम।

थाना बिजावर के चोरी प्रकरण में आरोपी इरफान खान (पिता शेख लियाकत खान, निवासी शेखों की रगोली, कुलपहाड़, जिला महोबा, हाल निवासी बीडी कॉलोनी छतरपुर) पर 5000 का इनाम।

थाना कोतवाली के दुष्कर्म मामले में आरोपी जय सिंह यादव (पिता दयाशंकर यादव, निवासी ग्राम गंगायच) की गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम।

थाना लवकुश नगर के तीन अलग-अलग प्रकरणों के तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पर 3000-3000 के इनाम की घोषणा की गई है।

गिरफ्तार किए गए इनामी अपराधी पुलिस की लगातार कार्यवाही के तहत हाल के दिनों में विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा कई इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना नौगांव पुलिस ने बंधक/अपहरण प्रकरण में 10000 के इनामी चार आरोपियों पंकज यादव, संजू उर्फ संजीव यादव, राम राजा यादव एवं संदीप विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया।

थाना प्रकाश बम्होरी में हत्या के मामले में 8000 के इनामी आरोपी सुरेंद्र सिंह को दबोचा गया। थाना सिविल लाइन की चोरी के मामले में 5000 के इनामी आरोपी नीरज अहिरवार (निवासी बाजना) एवं हरभजन यादव (निवासी ढढौरा, थाना बमनोरा) को गिरफ्तार किया गया। थाना ओरछा रोड में हत्या के प्रकरण में 5000 के इनामी आरोपी प्रमोद यादव (पिता रामकृपाल यादव, निवासी वार्ड क्रमांक 9 छतरपुर) को पकड़ा गया। थाना गौरिहार पुलिस ने हत्या के मामले में 5000 के इनामी आरोपी सीताराम शुक्ला तथा हत्या के प्रयास के मामले में 7000 के इनामी आरोपी छुटकू उर्फ अवनेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने कहा कि जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए यह अभियान सतत जारी रहेगा। आमजन से भी अपील की गई है कि ऐसे फरार अपराधियों के बारे में सूचना देकर पुलिस का सहयोग करें।

### अवैध शराब बिक्री के विरोध में ग्रामीणों का गुस्सा फूटा

# ग्रामीण क्षेत्रों में हर गली में बिक रही अवैध शराब

बकस्वाहा।

तहसील बकस्वाहा क्षेत्र के गांवों और वार्डों में दिनों-दिन बढ़ रही अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। ग्रामीणों ने आबकारी ठेकेदार और पुलिस विभाग की मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अब तो हालात ऐसे हो गए हैं कि दूध मिलना मुश्किल है, लेकिन शराब हर गली, मोहल्ले और गांव में आसानी से उपलब्ध है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह नशे का जाल बच्चों और युवाओं को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है, जिससे क्षेत्र में अपराध की घटनाओं में भी इजाफा हो रहा है। धार्मिक स्थल, स्कूल के आसपास, यहां तक कि छोटे-छोटे गांव भी अब इस अवैध कारोबार से अछूते नहीं हैं।



### क्या है मामला

ग्राम पंचायत पडरिया के ग्राम मच्छंद्री में बीते एक वर्ष से खुलेआम अवैध शराब बेचे जाने से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शराब दुकान का कोई वैध लाइसेंस नहीं है, इसके बावजूद एक परिवार अवैध रूप से शराब का व्यापार कर रहा है, जिससे सामाजिक माहौल दिन-व-दिन बिगड़ रहा है। महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

### प्रशासन को दिया गया ज्ञापन -

ग्रामीणों ने इस मामले में तहसीलदार भरत पांडे और थाना प्रभारी सुनीता विंदुआ को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि इस अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाई जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में किसी गंभीर घटना के लिए प्रशासन और दोषी व्यक्ति जिम्मेदार होंगे।ज्ञापन देने वालों में धर्मेंद्र, तिजिया, रतिराम, प्रमोद, दयाल,राजाराम, प्रेमलाल, रामू, भानु अहिरवार, भागचंद समेत दो दर्जन ग्रामीण मौजूद रहे।

### इनका कहना है -

थाना प्रभारी से चर्चा कर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी सुनीता विंदुआ ने भी ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि इस अवैध गतिविधि के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**भरत पांडे**
**तहसीलदार**

# जमीनी विवाद में हुई गोलीबारी महिला को लगी गोली, तीन लोग गंभीर घायल

छतरपुर।



शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र में गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प ने इलाके में सनसनी फैला दी। गोलीबारी और लाठी-डंडों से किए गए हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक महिला के पैर में गोली लगी। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना ओरछा रोड थाना क्षेत्र के सौंरा गांव की है, जहां सुबह 9 बजे जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस झड़प में रेखा पटेल (उम्र 28 वर्ष) पति देवेंद्र पटेल, लली पटेल ( उम्र 50 वर्ष) पति प्रेमनारायण पटेल और प्रेमनारायण पटेल ( उम्र 55 वर्ष) पिता भन्ने पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अपने खेत पर ईंट भर रहे थे, तभी आरोपी रामप्रसाद पटेल, शशिकांत, मनीराम उर्फ भूरा, मन्नू बाई, ल?लिता और पुष्पेंद्र पटेल वहां पहुंचे। आरोपियों ने लली और प्रेमनारायण पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इसके बाद मनीराम ने लली के ऊपर कट्टे से फायर कर दिया, जिससे गोली लली के पैर में जा लगी। प्रेमनारायण के छोटे बेटे भूपेंद्र को जब यह जानकारी मिली कि लली को गोली लगी है, तो परिजन तत्काल घायलों को अपनी मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल छतरपुर ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायल रेखा पटेल और प्रेमनारायण पटेल ने घटना के संबंध में अपनी बाइट दी, जिसमें उन्होंने हमले की पूरी जानकारी साझा की। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह विवाद जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से चला आ रहा था, जो इस हिंसक घटना में बदल गया।



## तालाब खुदाई में भ्रष्टाचार का आरोप,

**हरपालपुर।** ग्राम पंचायत सरसेड़ के ग्राम चपरन में गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत हो रहे तालाब निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सरपंच व सचिव की मिलीभगत से मजदूरों को काम से वंचित कर जेसीबी मशीनों से रातों-रात दो तालाब खुदवाए गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी और रेत निकालकर माफियाओं को बेची गई है। ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर साक्ष्य भी जुटाए हैं और अब वे इसकी शिकायत जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से करने जा रहे हैं। मनरेगा योजना के तहत स्थानीय मजदूरों को रोजगार देने की बात कही जाती है, परंतु यहां मशीनों से काम करवा कर फर्जी हाजिरी और फोटो सत्र के ज़रिए शासन को गुमराह किया जा रहा है। इस विषय पर नौगांव जनपद पंचायत के सीईओ ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को जांच के लिए भेजा जाएगा।

# संभागायुक्त डॉ रावत पहुंचे ग्राम आनू, हितग्राही किसानों से की चर्चा

### खेत-तालाब योजना के तहत बन रहे तालाब और खकरी कार्य का लिया जायजा



**छतरपुर।** संभागायुक्त सागर संभाग डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत गुरुवार को दमोह जिले के ग्राम आनू पहुंचे। उन्होंने यहां पर खेत तालाब निर्माण कार्य का अवलोकन किया और हितग्राही बालकिशन पटेल से चर्चा की। उन्होंने किसान से खेत तालाब के संबंध में जानकारी ली और इसके फायदे के बारे में जाना। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विशेष रूप से मौजूद रहे। संभागायुक्त डॉ रावत ने जिले में खेत तालाब योजना के तहत बन रहे खेत तालाब का निरीक्षण करने के साथ ही काम में प्रगति लाने के निर्देश दिए और कार्य तेजी से पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान डॉ रावत ने खकरी निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। इसी ग्राम में किसान दुर्गा पटेल के खेत पर पहुंचकर संभागायुक्त ने कपिलधारा कूप का अवलोकन किया और किसान दुर्गा पटेल से चर्चा की। यहां पर कूप के समीप ही रिचार्ज पिट भी बनाया गया हैं, के संबंध में किसान से चर्चा की और उसके खेत में उत्पादित हो रहे सब्जियों के बारे में जाना। किसान दुर्गा ने बताया कि उसके खेत में पर्याप्त मात्रा में सब्जी का उत्पादन हो रहा है और उसके कूप में 12 माह पानी रहता है शासन की योजना के तहत प्राप्त से कूप से किसान दुर्गा पटेल ने खुशी जाहिर की बताया कि वह पूरे साल सब्जी-भाजी की खेती कर रहे हैं। इस अवसर पर एसडीएम आर एल बागरी, सीईओ जनपद पंचायत हलधर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## भूमि क्रय पर दावे और आपत्तियाँ 7 जुलाई तक

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया है कि रीवा जिले में लक्ष्मणबाग संस्थान परिसर में महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा का कैम्पस संचालित है। इसके भवन निर्माण के लिए धारणाधिकार की भूमि की आवश्यकता है। प्रबंधक लक्ष्मणबाग संस्थान की खसरा क्रमांक 211, खसरा क्रमांक 212 तथा खसरा क्रमांक 213 की कुल 8.10 हेक्टेयर भूमि क्रय के लिए विचारार्थ है। यदि किसी व्यक्ति को इन खसरा नम्बरों की भूमि क्रय किए जाने के संबंध में किसी तरह की आपत्ति हो तो वह 7 जुलाई 2025 तक कलेक्टर रीवा के समक्ष लिखित आपत्ति दर्ज कर सकता है। तय समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। आपत्तियों के निराकरण के बाद ही भूमि क्रय संबंधी आगामी कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में सार्वजनिक सूचना का 19 जून को प्रकाशन कर दिया गया है।

## शूटिंग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन आज

**रीवा।** शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय शूटिंग अकादमी भोपाल में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण में चयन के लिए रीवा तथा मऊगंज जिले के सभी विकासखण्डों के राइफल पिस्टल एवं शॉर्टगन में 9 से 18 वर्ष आयु के शूटिंग के खिलाड़ियों का चयन 20 जून को स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में किया जाएगा। इस संबंध में संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि इच्छुक शूटर सुबह 9 बजे स्पोर्ट्स काम्पलेक्स पहुंचकर प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन कराने के लिए जन्म प्रमाण प्रत्र, अंकसूची, आधार कार्ड दो पासपोर्ट आकार के फोटो तथा निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। पंजीयन पूरी तरह से निःशुल्क है। राज्य स्तरीय अकादमी में चयनित होने पर प्रतिभाशाली शूटर को कुशल प्रशिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। खिलाड़ियों के आवास और भोजन की भी निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में आयोजित खिलाड़ियों के चयन प्रतियोगिता में राज्य अकादमी के प्रशिक्षक जयवर्द्धन सिंह, तकनीकी प्रशिक्षक वैभव शर्मा तथा प्रशिक्षक इंद्रजीत सिगदर एवं सुश्री अपराजिता सिंह द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

## जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की आज

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में गुरूवार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक के दौरान संबंधित विभागों के कर्मचारियों की लंबित पेंशन प्रकरणों, 31 मई तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं की अद्यतन स्थिति, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित स्वत्वों, अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों, लंबित पदोन्नति, क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान, भविष्य निधि खाते से आहरण संबंधी जानकारी, डुप्लीकेट सेवा पुस्तिका, सामान्य भविष्य निधि पासबुक और डी.पी.एफ. पासबुक का संधारण, अंशदायी पेन्शन योजना 2005 के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों के अद्यतन स्थिति सहित अन्य मामलों की समीक्षा की। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहे।

## विश्राम बाबा वार्ड की विभिन्न गलियों में दौड़ी फागिंग मशीन

**कटनी।** नगर के विभिन्न वार्डों में मच्छर जनित बीमारियों के प्रकोप पर नियंत्रण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर फागिंग अभियान हेतु कैलेंडर निर्धारित किया जाकर निर्धारित कैलेंडर अनुसार नगर फागिंग मशीन से रासायनिक धुंए का छिड़काव किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार 17 जून को विश्राम बाबा वार्डक्रमांक 44 में वार्ड पार्षद की जानकारी एवं द्रोगा की मौजूदगी में ई रिक्शा में फागिंग मशीन रखकर विभिन्न गलियों में रासायनिक धुंए का छिड़काव कार्य किया गया।

### जिले के पर्यटन स्थलों तथा सभी पंचायतों में 21 जून को मनाया जाएगा योग दिवस

# विश्व योग दिवस कार्यक्रम में सबकी भागीदारी जरूरी

**रीवा।** विश्व भर को भारत ने योग का उपहार दिया है। देश में प्राचीन काल से शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास तथा प्राणायाम करने की परपंरा रही है। आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस जिले के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाएगा। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने योग दिवस के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि विश्व योग दिवस हम सबको तन और मन को स्वस्थ रहने का संदेश देता है। जिले के सभी नगरीय निकायों और सभी ग्राम पंचायतों में 21 जून को विश्व योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित करें। जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक के परिसर में सुबह 6 बजे 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। समारोह में योग दिवस पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के उद्बोधन के सजीव प्रसारण की सभी स्थलों में व्यवस्था सुनिश्चित करें। वर्षा को ध्यान में रखकर योग दिवस के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करें। विश्व योग दिवस पर जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों तथा नगर के प्रमुख पार्कों में भी योगाभ्यास कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी शासकीय संस्थाएं तथा निजी संस्थाएं भारत सरकार की वेबसाइट योगा डॉट आयुष डॉट जीओभी डॉट/इन योगा-संगम में पंजीयन अवश्य करा लें। कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद गूगल लिंक पर फोटो सहित पूरा विवरण अपलोड करें। योग दिवस के फोटो तथा वीडियो पूरे विवरण के साथ जनसंपर्क कार्यालय को ईमेल पीआरओ रीवा 5 एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। योग दिवस पर सामान्य योगाभ्यास का प्रोटोकाल योगा संगम पोर्टल से भी प्राप्त किया जा सकता है। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सभी महाविद्यालयों में तथा जिला शिक्षा अधिकारी सभी माध्यमिक स्कूल, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में योगाभ्यास का आयोजन कराएं। आयुष विभाग के तहत सभी 30 आरोग्य मंदिरों तथा आयुर्वेद संस्थाओं में योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम होंगे। जिला आयुष अधिकारी इसके लिए आवश्यक प्रबंध करें। जिला आयुष अधिकारी विभाग में दर्ज योग शिक्षकों की सेवाएं स्वयंसेवी संस्थाओं तथा शासकीय संगठनों को उपलब्ध कराएं।कलेक्टर ने कहा कि आयुक्त नगर निगम शहर में अटल पार्क, विवेकानंद पार्क तथा अन्य प्रमुख स्थलों में योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन कराएं। सभी नगर परिषदों में भी आसपास के पर्यटन स्थल अथवा शहर के प्रमुख पार्क में योगाभ्यास का आयोजन कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों में योग दिवस के कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। अमृत सरोवरों के किनारे भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित कराएं। जिला समन्वयक जन अभियान परिषद अन्य संगठनों के सहयोग से जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों, नदियों के उद्गम स्थल तथा पार्कों में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित करें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक, डीपीसी विनय मिश्रा तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत घटना जांच में जुटी पुलिस

## बीहर नदी के किनारे मिला युवती का शव



**रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत अजगरहा स्थित बिहर नदी की पुल के समीप एक अज्ञात युवती का शव मिला है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के मुताबिक शव तकरीबन एक सप्ताह पुराना बताया गया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी जो अज्ञात शव को एसजीएमएच की मर्चुरी में पहुंचाई है। जिसके बाद अब विश्वविद्यालय पुलिस उसकी शिनाख्तगी का प्रयास कर रही है। बताया गया कि बुधवार की एसडीआरएफ की टीम द्वारा आगामी दिनों में होने वाली बारिश के चलते बाढ़ की तैयारी को लेकर गोताखोरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इसी दौरान अजगरहा पुल के समीप एक अज्ञात युवती का शव पानी में कचरे के बीच फंसा देखा गया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की युवती की उम्र 20 साल के आसपास बताई जा रही है।

## प्रेमी के साथ मिलकर नातिन की थी दादी की हत्या, बाद शव नाले में फेंका

### दोनों नाबालिग आरोपी पुलिस हिरासत में

**रीवा।** जिले में सुनसान नाले में मिली अर्द्ध नग्न महिला की लाश के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। 65 वर्षीय महिला की हत्या करने वाले कोई और नहीं, बल्कि उसकी नातिन और प्रेमी ही निकले। दोनों ने प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर इस वारदात को अंजाम दिया। हैरानी की बात यह भी है कि आरोपी नातिन और उसका प्रेमी दोनों ही नाबालिग हैं। एएसपी विवेक लाल ने बताया कि 18 जून को थाना अतरैला पुलिस को सूचना मिली थी कि कोनी जंगल में बनिया नाले के पास किसी महिला का शव पड़ा है। महिला के शरीर पर चोट के निशान थे। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने एफएसएल और फिंगरप्रिंट टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। शव की पहचान कराने के प्रयास शुरू किए गए। इस आधार पर थाना अतरैला में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पूछताछ में महिला की पहचान निवासी ग्राम कोनी, थाना अतरैला के रूप में हुई। जांच के दौरान पता चला कि मृतका की नातिन का गांव के ही एक लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात का विरोध घरवाले कर रहे थे। लड़की का विवाह भी हाल ही में जबरन करवा दिया गया था। प्रेमी के पिता भी इस रिश्ते के खिलाफ थे और बेटे की पिटाई करते थे। जांच के दौरान पता चला कि वारदात के समय दोनों ही महिला के शव के आसपास देखे गए। पुलिस ने इसी आधार पर दोनों से पूछताछ की तो उन्होंने सच्चाई बता दी।



### काम के बहाने बुलाकर वारदात को दिया अंजाम

इसी नाराजगी में दोनों ने मिलकर वारदात की साजिश रची। दोनों ने काम के बहाने महिला को सुनसान जगह बुलाया और चाकू से हमला कर हत्या कर दी। बाद में शव को घसीटकर दूर छिपा दिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू और उनके कपड़े बरामद कर लिए हैं। दोनों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस हत्याकांड में मृतका की नातिन और उसका प्रेमी दोनों आरोपी बनाए गए हैं। जिन्हें बाल सुधार गृह भेजा गया है।

## निगम आयुक्त ने सीवरेज-नाली निर्माण की मिल रही शिकायतों पर शहर के चार वार्डों का किया निरीक्षण



**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने बुधवार को वार्ड 25, 26, 43 और 44 का दौरा कर बरसात के पहले की तैयारियों की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। वार्ड 25 एवं 26 में निरीक्षण के दौरान बाणसागर तालाब की सफाई की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए आयुक्त ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। तालाव से सटे अतिक्रमणों को तत्काल हटाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पोखरी टोला और अम्बेडकर नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या को देखते हुए आयुक्त ने मौके पर लेवल लेकर नाली और सड़क निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। तात्कालिक राहत के लिए कच्ची नाली बनाकर जल निकासी सुनिश्चित करने को कहा गया। सीवरेज कार्यों के बाद मार्गों की खस्ताहाल स्थिति पर संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि जहां भी सीवरेज कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां तत्काल सड़कें मोटरेबल की जाएं। कायाकल्प योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। होमगार्ड आफिस के सामने की सड़क, श्रवण बाधित स्कूल, नेत्रहीन विद्यालय गड्डी रोड का सीवरेज कार्य, नाले की सफाई और दिव्यांग पार्क सहित कई स्थलों का निरीक्षण किया। अवैध रूप से खुले चिकन शॉप को सील करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पार्षद स्वतंत्र शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### नाली निर्माण में लापरवाही पर उपयंत्री व संविदाकार को नोटिस जारी करने के निर्देश

नगर के वार्ड 26 में नाली के क्षतिग्रस्त चैम्बर और खराब गुणवत्ता पर नाराजगी जताते हुए आयुक्त ने ठेकेदार से उसी राशि में पुनः निर्माण कराने और उपयंत्री को नोटिस जारी करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा स्वच्छता व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। स्वच्छता में गड़बड़ी पाए जाने पर उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक और दरोगा को फटकार लगाते हुए मौके पर टीम लगाकर नालियों की सफाई करई गई। साथ ही कहा, मानसून सीजन के पहले सभी नाले नालियों की आवश्यक रूप से सफाई कराएं।

## जिले में मनाया गया आम महोत्सव मैगों वैन को दिखाई गयी हरी झण्डी



**रीवा।** रीवा संभाग में परंपरागत रूप से आम की बड़े पैमाने पर खेती की जाती है। संभाग के सभी जिलों में स्थानीय देशी किस्म के आमों के साथ-साथ उन्नत किस्म के आमों की खेती की जा रही है। रीवा के सुंदरजा आम को अपने विशिष्ट गुणों के लिए 2023 में जीआई टैग मिला है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड ने रीवा में कृषि महाविद्यालय परिसर में आम महोत्सव का आयोजन किया। इस पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने किया। डीन श्री त्रिपाठी ने उन्नति किस्म के आमों के विपणन के लिए मैगों वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नाबार्ड के डीडीएम श्री एस. के. जेना, एलडीएम जगमोहन, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, कृषि तथा उद्यानिकी विभाग के अधिकारी और बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। नाबार्ड द्वारा समर्थित एक एफपीओ गोफार्म फार्मर प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशन इन पांच दिनों में आम की मार्केटिंग करेगा। यह एफपीओ सुंदरजा आमों की जीआई-टैगिंग में शामिल था। यह किसानों से सुंदरजा आमों की खरीद करेगा और किसानों को बेहतर पारिश्रमिक दिलाने के प्रयास करेगा।

## ट्रक में भरकर हो रही थी मवेशियों की तस्करी



रीवा। जिले में मवेशियों की अवैध तस्करी पर लगाम कसने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत दो स्थानों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। रीवा के चोरहटा और मऊगंज के हनुमना थाना क्षेत्रों में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में मवेशियों से भरे ट्रकों को पकड़ा है। इन कार्रवाइयों में कुल चार आरोपियों को हिरासत में लेकर ट्रकों को जब्त किया गया, जबकि लगभग 60 मवेशियों को मुक्त कराया गया है। बता दे चोरहटा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक में बड़ी संख्या में मवेशियों को भरकर उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरहटा क्षेत्र में घेराबंदी कर संदिग्ध ट्रक को रोका। जांच में ट्रक से 38 मवेशी बरामद हुए। मवेशियों को क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंसकर ट्रक में भरा गया था। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान प्रमोद कुमार भूर्तियां निवासी थाना सेमरिया, जिला सीधी, मुस्लिम खान, और मोहम्मद अशरफ खान के रूप में हुई है। मामलों में पुलिस ने मवेशियों को स्थानीय गौशाला में सुरक्षा की दृष्टि से शिफ्ट कर दिया है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मवेशियों की तस्करी में संलिप्त गिरोह के अन्य सदस्यों का भी जल्द खुलासा किया जाएगा।

### आईजी के नेतृत्व पर शुरू हुए पशु बचाओ अभियान की कामयाबी

आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर पुलिस ने पशु बचाओ अभियान शुरू किया है। उक्त अभियान में पशुओं की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इससे पूर्व बिछिया पुलिस ने 455 बकरियों को मुक्त कराया था। वहीं हनुमना पुलिस ट्रक में लोड 14 मवेशियों को मुक्त कराया था। अभी तक आधा सैकड़ा से अधिक भैंसे सहित बकरियों को तस्करों के हांथों से मुक्त कराया है। आईजी के उक्त अभियान से पशु तस्करों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

## फांसी के फंदे से लटकती मिला नवविवाहिता का शव

### मायके पक्ष के लोगों ने लगाए गंभीर आरोप, पनवार पुलिस कर रही जांच

**रीवा।** जिले के पनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत नवविवाहिता की मौत के बाद मायके पक्ष के लोगों ने अपनी बेटी की मौत का जिम्मेदार ससुराल पक्ष के लोगों को बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की है। घटना पनवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में सामने आई जहां संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतका कोमल देवी 22 वर्ष ने अपने घर में फांसी के फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पनवार पुलिस ने शव को फंदे से उतारने के बाद पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। बताया जा रहा है कि लूक निवासी कोमल देवी का विवाह वर्ष 2022 में कल्याणपुर निवासी पिंटू चर्मकार के साथ हुआ था जहां पहले तो सब कुछ ठीक चलता रहा लेकिन कुछ दिनों के बाद पति-पत्नी के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, इसी बीच पारिवारिक कलह से तंग आकर नव विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूल कर खुदकुशी कर ली । मायके पक्ष के लोगों को जब घटना की जानकारी हुई तो वो वो मौके पर पहुंचे ओर आरोप लगाया कि उनकी बेटी फज्ञंसी फंदे पर झूली नहीं बल्कि उसकी हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटकाया गया है। फिलहला पनवार पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच कर रही है, वहीं पीएम रिपोर्ट केआने के बाद मौत के कारण भी स्पष्ट होगे। पुलिस मायके पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है।

*जल संरचनाओं का निर्माण एवं संरक्षण के लिए चल रहा अभियान*

## भू जल स्तर में वृद्धि करने एवं पानी को व्यर्थ बहने से रोकने बनाया रिचार्ज पिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले भर में जल संरचनाओं का निर्माण, संरक्षण व संवर्धन एवं जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

### जलस्तर में होगी वृद्धि

इसी क्रम में जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बांधा के ग्राम ललितपुर में मनरेगा योजना के तहत 25 हजार रूपये की लागत से सार्वजनिक कूप रिचार्ज पिट स्वीकृत किया गया है। इस रिचार्ज पिट के निर्माण से ग्राम ललितपुर के सार्वजनिक कूप के जलस्तर में वृद्धि होगी। रिचार्ज पिट में बारिश के पानी को इकट्ठा किया जाता है। इस पानी को फिल्टर करके धीरे-धीरे जमीन के अंदर रिसने दिया जाता है। यह प्रक्रिया भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने में मदद करती है, जिससे कुएं, बोरवेल और हैंडपंप जैसे जल स्त्रोत सूखते नहीं हैं और उनमें पानी की उपलब्धता बनी रहती है। रिचार्ज पिट बनाने के लिए ऐसी जगह चुनें जहाँ बारिश का पानी इकट्ठा होता हो और जहाँ की मिट्टी पानी को रिसने दे। खेत के कोने या घर के पास की खुली जगह उपयुक्त हो सकती है। रिचार्ज पिट बनाने के लिए आमतौर पर गड्ढा खोदा जाता है। गड्ढे में विभिन्न प्रकार की सामग्री की परतें बिछाई जाती हैं। जैसे सबसे नीचे बजरी या बड़े पत्थर की मोटी परत। उसके ऊपर छोटे पत्थर या गिट्टी की परत। फिर मोटी रेत की परत। कुछ जगहों पर जियोटेक्सटाइल का भी उपयोग किया जाता है ताकि महीन कण नीचे न जा पाएं।




### 22 से 55 हजार का खर्च

रिचार्ज पिट बनाने का खर्चा उसके आकार, गहराई, इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री और जगह पर निर्भर करता है। आमतौर पर एक मानक रिचार्ज पिट बनाने में लगभग 22 हजार से 55 हजार रूपये तक का खर्च आ सकता है। मनरेगा जैसी सरकारी योजनाओं के तहत भी इसका निर्माण किया जाता है, जिससे लागत कम हो सकती है।

## स्वच्छता बनाये रखने सहित जलभराव की समस्या दूर करने चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गो को साफ एवं स्वच्छ रखकर नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा रोजाना दो शिफ्ट में मुख्य एवं अन्य मार्गो की सार्वजनिक सड़कों एवं नाले-नालियों की सफाई कार्य उपरांत कचरे के उठाव का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर विभिन्न गलियों को भी साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास जारी है।स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्देश्य से विगत रात्रि रोड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से बरगवां ओवर ब्रिज मे चांडक चौक से बरगवां तक मार्ग की सफाई कराई गई। वहीं स्वच्छता दूतों के माध्यम से बस स्टैंड के संपूर्ण परिसर सहित रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग, सुभाष चौक, झंडा बाजार, गोल बाजार, घंटाघर सहित अन्य मुख्य मार्गों की सफाई का कार्य किया गया। वहीं दैनिक सफाई व्यवस्था के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गो, डिवाइडर, सेल्फी प्वाइंट बाजार क्षेत्रों आदि की सफाई उपरांत कचरे का उठाव कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।